पाठ 7. शेर और सियार

पाठ का उद्देश्य
प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य बच्चों को किसी की नकल न करने की शिक्षा देना है। बच्चों को यह समझाना है कि किसी की नकल करने से कभी-कभी हम किसी बड़ी मुसीबत में भी पड़ सकते हैं।

पाठ का सारांश
एक दिन एक सियार जंगल में घूम रहा था। उसने शेर और शेरनी को बातें करते सुना। शेर की बातें सुनकर उसे लगा कि उसने शेर की बहादुरी का राज़ जान लिया है और अब वह शेर की नकल करके आसानी से शिकार पकड़ सकता है। उसने जंगल में एक ऊँट को आराम करते देखा। सियार ने सोचा इसे तो वह अपनी पूँछ से बाँधकर ले जाएगा। उसने ऊँट की पूँछ से अपनी पूँछ बाँध दी और खींचने के लिए ज़ोर का झटका दिया। इससे ऊँट हड़बड़ाकर उठ खड़ा हुआ। सियार ऊँट की पूँछ से झूल गया। सियार ने सहायता के लिए आवाज़ लगाई। उसकी आवाज़ सुनकर सियारनी भागी-भागी आई। सियारनी की विनती पर ऊँट ने सियार को छोड़ दिया। बेचारा सियार नकल करने के चक्कर में स्वयं मुसीबत में फँस गया था।

अध्यापन संकेत
पाठ वाचन से पूर्व बच्चों का ध्यान पाठ की ओर दिलाने के लिए संक्षिप्त पृष्ठभूमि तैयार करें। आमतौर पर बच्चे घर में किसी न किसी की नकल उतारते ही रहते हैं। उनसे पूछें कि क्या तुम अपने घर के सदस्य या किसी अन्य की नकल उतारते हो। उन्हें समझाएँ कि किसी की आदतों या चाल-ढाल की हलकी-फुलकी नकल उतारना मनोरंजन हो सकता है परंतु बड़े जो काम करते हैं, जैसे-बिजली के उपकरण लगाना-चलाना, मम्मी द्वारा सब्ज़ी काटना आदि कामों की देखा-देखी बच्चों को नहीं करनी चाहिए।

बच्चों को बताएँ कि तुमने नकलची बंदर की कहानी तो सुनी होगी, अब हम जो कहानी पढ़ेंगे वह एक नकलची सियार के बारे में है। पाठ का मुखर वाचन करें। बच्चों को ध्यान से सुनने को कहें। बच्चों से पूछें–

- ❖ उन्हें यह कहानी कैसी लगी?
- ❖ क्या इस तरह किसी की नकल करके हम उसके जैसा बन सकते हैं?
- ❖ समझाएँ, हमें सोच-समझकर काम करना चाहिए। जल्दबाज़ी में कोई काम नहीं करना चाहिए।
- ❖ मौखिक कौशल में दिए शब्द बच्चों से उच्च स्वर में पढ़ने को कहें। बच्चों के उच्चारण पर ध्यान दीजिए।
- ❖ बच्चे मात्राओं को पहचानकर मिला-मिलाकर पढ़ते हैं अत: उन्हें समय दें तथा पाठ का मौन वाचन करने के लिए प्रेरित करें।
- ❖ अभ्यास करने में बच्चों की सहायता कीजिए। मौखिक प्रश्नों के उत्तर देने के लिए प्रत्येक बच्चे को प्रेरित कीजिए।

डिजीडिस्क (DigiDisc) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।